दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र

# पद्मावत मीडिया

Reg.No.MH18D0030877 •ई-पेपर• •न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे•

www.padmavatmedia.in \ Mo. 9594542679 \ Email- padmavatmedia@gmail.com

वर्ष : 10 • डिजिटल अंक : 227 • मुंबई, गुरुवार, 25 अप्रैल 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पद्मावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 • निः शुल्क •

## दर्दनाक-डंपर-स्कोर्पियो की भिड़ंत में 2 मासूम सहित 5 लोगों की दर्दनाक मौत, 7 जख्मी

### रानाबाई के दर्शन करने हरनावां जा रहा था परिवार, विधायक किलक प्रचार छोड़ अस्पताल पहुंचे

पदमावत मीडिया







**नागौर** । बुधवार को हरसौर के किसाननगर इलाके में डंपर-स्कोर्पियो की आमने-सामने की टक्कर में 2 मासूम सहित 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।दुर्घटना में घायल हुए 7 लोगों को अजमेर रैफर कर दिया गया। दुर्घटना के बाद कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। हर कोई मदद के लिए घटनास्थल की तरफ दौड़ पड़ा। डंपर चालक दुर्घटना के बाद मौके से डंपर को छोड़कर फरार हो गया। जिसे बाद में पुलिस ने क्रेन की सहायता से उठाया। हादसे में स्कोर्पियो पूरी तरह चकनाचूर हो गई। दुर्घटना में भोपालगढ़ तहसील के रजलानी गांव की भंवरी देवी भंवरी देवी (60) पुत्री मोहनराम देवासी, खेराजराम (35) पुत्र मोहनराम, दिव्यांशी (5) पुत्री खेराजराम, डिम्पल (3) पुत्री भागीरथ देवासी की मौत हुई हैं। रानाबाई के दर्शन करने जा रहा था परिवार-रजलानी गांव के सरपंच पारस गुर्जर ने बताया कि भंवरी देवी का पूरा परिवार गुजरात में रहता है। थोड़े दिनों पहले ही घर में सामाजिक कार्य होने के कारण गांव आये थे। बुधवार को परिवार रानाबाई के दर्शनों के लिए हरनावां जा रहा था। परिवार का वापस गुजरात जाने का कार्यक्रम था। रेखा के साहस ने दिखाई मदद की राह-दुर्घटना की आवाज सुनकर पास ही के मकान में रहने वाली रेखा कच्छावा मौके पर पहुँची। उसने गाड़ी के शीशे तोड़कर 5 मासूमों को निकाला तथा 108 एम्बुलेंस को बुलाकर सबसे पहले अस्पताल पहुँची। रेखा के साहस ने लोगों को मदद की राह दिखाई और देखते ही देखते सैकड़ो लोग घटनास्थल पर पहुँच गए। मुसीबत में जांबाज युवती रेखा कच्छावा ने मदद की वमिसाल पेश की है। प्रचार छोड़ विधायक किलक पहुँचे अस्पताल-भीषण दुर्घटना के समाचार मिलते ही डेगाना विधायक अजयसिंह किलक प्रचार छोड़ अस्पताल पहुँचे। विधायक तिलक ने अस्पताल में परिजनों एवं अधिकारियों से मामले की जानकारी लेकर जिला कलेक्टर एवं एसडीएम को आर्थिक सहायता दिलवाने के निर्देश दिए।

## जयकारों से गूंज उठा जवारडा: वडलेश्वर महादेव, धर्मराज, हनुमान मंदिर की हुई प्राण प्रतिष्ठा और चढाए स्वर्णकलश

### डांगी पटेल समाज में नशा मुक्ति, फिजूलखर्च, कुरीतियों पर पाबंदी, शिक्षा पर दिया जोर

पदमावत मीडिया



**सेमाल** । मेवल क्षेत्र के सलूंबर जिले के गींगला-उथरदा मार्ग पर स्थित जवारड़ा गांव में नवनिर्मित वडलेश्वर महादेव, धर्मराज, हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा सोमवार को धूमधाम से सम्पन्न हुई। चार दिवसीय आयोजन के अंतिम दिन मंदिरों में प्रतिमाओं की स्थापना कर मंदिरों और मुख्य तोरणद्वार पर शिखर कलश, ध्वजदण्ड चढाये गये।

इस दौरान भारी संख्या में समाजजन मौजूद रहे और गांव जयकारों से गूंज उठा। प्रतिष्ठाचार्य पंडित गिरीश कुमार ने बताया कि सोमवार को सुबह 7 बजे वड्डलेश्वर महादेव मंदिर में गणपति कीर्तिकेय मूर्ति स्थापित की। बाद में वड्डलेश्वर महादेव, धर्मराज हनुमान मंदिर को आकर्षक सजावट के साथ मंदिर पर पंडितों के वैदिक मंत्रौच्चार के साथ तथा श्रद्धालुओं के जयकारों के साथ स्वर्ण कलश, ध्वजारोहन हुआ। इस दौरान मेवल क्षेत्र के 72 गावों के डांगी पटेल समाज के समाजजजन सहित अन्य छप्पन वागड, गिर्वा आदि क्षेत्र से मौतबीर, समाजसेवी, विभिन्न जनप्रतिनिधियों का समागम हुआ। महोत्सव में सराडी मठ के महंत चेतनगिरी महाराज, देवगिरी करावली धूनी सहित अन्य संत भी मौजूद रहे। सभी भक्तों ने मंदिरों में दर्शन कर महाप्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पूरे मार्ग और गांव में मेले जैसे नजारा रहा।

**समाज के वक्ताओ ने चर्चा की।**

समाज सुधार पर हुई चर्चा: कार्यक्रम में समाज के वक्ताओं ने कहा कि समाज में शिक्षा को बढावा देने सहित विभिन्न तरह की कुरीतियां और फिजुलखर्चो आदि पर पाबंधी लगाने आदि पर चर्चा की गई। वही ज्वलंत समस्याओं का ध्यान जनप्रतिनिधियों की ओर आकृष्ट कराया गया।

**जवारडा गांव में खूब हुई धनवर्षा: 93 लाख 46 हजार की लगी बोलियाए**

जवारडा गांव में मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में भामाशाहों ने बढचढ कर बोलिया लगाई। वडलेश्वर महादेव मंदिर पर मुख्य द्वार पर स्वर्ण शिखर कलश स्थापना की बोली नारायण किशन पुत्र धन्ना पटेल की ओर से 21 लाख 51 हजार में शिखर स्थापित किया जाएगा । धर्मराज मंदिर पर मुख्य स्वर्ण शिखर की बोली 12 लाख 51 हजार कालूलाल, गणेशलाल, शंकर, मुकेश द्वारा स्वर्ण कलश स्थापना किया जाएगा । मंदिर पर मुख्य द्वार दरवाजे पर मुख्य शिखर की 8 लाख 11 हजार में बोली लगाकर शंकरलाल, लालूराम, मुकेश, देवीलाल की ओर स्वर्ण कलश स्थापित किया जाएगा । धर्मराज बावसी मंदिर पर कोहली मंडल स्वर्ण शिखर की 3 लाख 51 हजार बोली भंवरलाल, तेजाजी, भेरूलाल, नाथूलाल, शंकर लाल के हाथो से स्वर्ण शिखर चढ़ाया जायगा। हनुमान जी मंदिर पर स्वर्ण शिखर की 4 लाख 61 हजार बोलिया शंकर लाल, भीमाजी अमरावत ओरवाडिया की ओर से मंदिर कलश स्थापित किया जाएगा । धर्मराज बावसी मंदिर पर ध्वजारोहन की 7 लाख 51 शंकर लाल, धन्नाजी भानावत की ओर चढ़ाई गई। साथ ही गांव में अन्य भक्तों ने बोलिया का लाभ लिया। कार्यक्रम का सचालन गंगाराम पटेल करावली ने किया।

## परिहार परिवार की लाडली बेटी सेन परी ने जिले मे तीसरा स्थान कक्षा 10 वी मे प्राप्त किया



पदमावत मीडिया

**मंदसौर/नाहरगढ** आज बड़ी ही खुशी होती है जब परिवार के हर छात्र-छात्राएं अपने मेहनत के दम पर लगातार निरंतर सतत संघर्ष कर शिक्षा के क्षेत्र में कड़ी मेहनत के दम पर अव्वल आते हैं तो इससे समाज ही नहीं अपितु शिक्षण संस्था एवं छात्र के माता-पिता में परिवार का नाम रोशन होता है । शामगढ़ नगर के सेन परिहार परिवार की बालिका सेन परी पिता कमलेश परिहार की बालिका द्वारा घोषित हुए मध्यप्रदेश प्रदेश शिक्षा विभाग की कक्षा दसवीं में जिले की मेरिट सूची में तीसरा स्थान 500 में से 477 (95.4%) अंकों के साथ मेरिट लिस्ट में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। परी परिहार ने सेन समाज के साथ ही अपने परिवार और शामगढ़ का नाम रोशन किया है । परी परिहार शामगढ़ के पत्रकार राजू परिहार व दीपक परिहार की भतीजी है । परी परिहार के इस सफलता पर अल्फा इंग्लिश स्कूल के संचालक अजय चौधरी एवं स्टाफ के द्वारा भी घर पर आकर बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की मंगल कामनाएं की। भारतीय सेन समाज मध्य प्रदेश की ओर से भी बधाई।

## कलक्टर पोसवाल रहे आसपुर दौरे पर, मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रभावी प्रयास के दिए निर्देश





डीएम विजिट। आसपुर दौरे के दौरान फील्ड स्टाफ के कार्मिकों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रेरित करते कलक्टर अरविंद पोसवाल।

पदमावत मीडिया

**उदयपुर**। उदयपुर संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल बुधवार को आसपुर पहुंचे। यहां पर उन्होंने आसपुर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ, ग्राम सेवक, पटवारी, महिला पर्यवेक्षक सहित अन्य फील्ड स्टाफ की बैठक ली। उन्होंने सभी को निर्देश दिए कि वे घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरुक करते हुए उहें मतदान दिवस पर मतदान केन्द्रों पर पहुंचने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार अधिक मतदान होना चाहिए इसके लिए सभी के सम्मिलित प्रयास आवश्यक है। इस दौरान उनके साथ आचार संहिता प्रकोष्ठ प्रभारी जितेंद्र ओझा एवं डूंगरपुर जिले के स्वीप प्रकोष्ठ प्रभारी मुकेश चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## लोकसभा चुनाव 2024 : सभी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण अंतिम प्रशिक्षण लेने के बाद गुरुवार को मतदान केन्द्रों के लिए रवाना होंगे मतदान दल

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

पदमावत मीडिया

**उदयपुर** । लोकसभा आमचुनाव 2024 के द्वितीय चरण के तहत उदयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 26 अप्रेल को होने वाले मतदान को लेकर सभी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। गुरुवार को अंतिम प्रशिक्षण के बाद मतदान दल चुनाव कार्य सम्पादित करवाने के लिए निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अरविंद पोसवाल ने एक आदेश जारी कर दो सत्रों में होने वाले प्रशिक्षण, प्रशिक्षण पश्चात मतदान दलों की रवानगी, मतदान केन्द्रों पर ठहराव एवं अन्य सुविधाओं के साथ समस्त आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उदयपुर व सलूंबर जिले की आठों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नियुक्त मतदान दलों का तृतीय प्रशिक्षण गुरुवार 25 अप्रेल को दो सत्रों में मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय (आर्ट्स कॉलेज) उदयपुर में सम्पन्न होगा। निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा क्षेत्र गोगुन्दा,झाडोल, खेरवाड़ा, सलूंबर का तृतीय प्रशिक्षण प्रथम सत्र प्रातः 7 बजे एवं द्वितीय सत्र में विधानसभा क्षेत्र उदयपुर ग्रामीण, उदयपुर, मावली एवं वल्लभनगर का तृतीय प्रशिक्षण प्रातः 11 बजे सम्पन्न होगा। इस आदेश के तहत सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त एरिया एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रशिक्षण स्थान पर उपस्थित रहेंगे एवं तत्पश्चात् अपनी निर्वाचन सामग्री प्राप्त कर मतदान दलों की रवानगी सुनिश्चित करेंगे। माइक्रो ऑब्जर्वर तथा विडियोग्राफर संबंधित मतदान केन्द्र के लिए मतदान दल के साथ ही उन्ही के वाहन से प्रस्थान करेंगे व संबंधित पीठासीन अधिकारी इस बात का ध्यान रखेगें। महिलातथा दिव्यांग मतदान दलों के सदस्यों की पृथक से प्रशिक्षण स्थल पर बैठक व्यवस्था की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने तृतीय प्रशिक्षण में मतदान दलों के सभी सदस्यों को अनिवार्यतः उपस्थित रहने के निर्देश दिए है।

## मिशन 75 के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रतिबद्ध टीम इलेक्शन उदयपुर

### मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए किए गए है नवाचार, हैप्पी अवर्स में वोट डालने वाले मतदाताओं को विशेष सम्मान

पदमावत मीडिया



**उदयपुर**। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में मिशन 75 के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद पोसवाल के निर्देशन में प्रभावी प्रयासों के साथ कई नवाचार किये गये है।

स्वीप प्रभारी श्रीमती कीर्ति राठौड़ ने बताया कि जिले की सभी विधानसभाओ के मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की सुविधा एवं सुगम मतदान हेतु हर मतदान केंद्र पर क्यू आर कोड लगाये गए है। प्रत्येक बूथ पर हैप्पी अवर्स अर्थात प्रात 7 से 9 बजे तक में लॉ वोटर टर्नआउट वाले बूथ पर पहले 25 एवं अन्य बूथों के पहले 20 मतदाताओं को सीईओ राजस्थान की ओर से प्रिंटेड प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। साथ ही हर मतदान केंद्र पर क्यू आर कोड लगेंगे जिनको स्कैन कर दूल्हा-दुल्हन, नव पंजीकृत मतदाता, परिवार तीन पीढ़ी, यूथ आदि की सेल्फी अपलोड करने पर प्रमाण पत्र एवं विशेष सम्मान दिया जाएगा। साथ ही नवजोड़ा दूल्हा-दुल्हन को भी दिव्यांगजन एवं वरिष्ठजन के समान ही कतार में नहीं लगने की छूट दी गई है।

**152 विशेष बूथ बनाए, स्वीप गतिविधियों में मतदान का संदेश**

जिले में 152 विशेष बूथ बनाये गए है जिसमे प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 8-8 महिला प्रबंधक बूथ, 8-8 युवाओं द्वारा प्रबंधक बूथ, 1-1 विशेष योग्यजन प्रबंधक बूथ, 1-1 ग्रीन थीम पर बेस्ड बूथ शामिल है। इन सभी बूथों पर विशेष सुविधा मुहैया कराई जाएगी एवं सुसज्जित किया जायेगा। स्वीप प्रभारी श्रीमती कीर्ति राठोड ने रेडियो के श्रोताओं को वोटिंग डे को अवकाश दिवस न मानकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। शाम को गोवेर्धन सागर पर स्थित महादेव मंदिर परिसर में राजीवीका की लगभग 100 महिलाओ ने दीपदान के माध्यम से सभी को मतदान के लिए जागरूक किया। ओटीसी स्कीम बधिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्वीप एक्टिविटी के माध्यम से सभी को मतदान के लिए जागरूक किया। विद्या भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल देवाली की ओर से प्रधानाचार्य पुष्पराज सिंह राणावत के नेतृत्व में लोकतंत्र के महापर्व को लेकर मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली विद्या भवन मुख्य द्वार से होकर देवाली गांव, नीमच माता क्षेत्र, अरोड़ा कॉलोनी, खारोल कॉलोनी, हनुमान कॉलोनी, सेवा मंदिर और आसपास के क्षेत्र से गुजरते हुए सेवा मंदिर विद्या भवन सोसायटी के सामने नर्सरी गेट पर संपन्न हुई। इस रैली में विद्यालय के 500 से अधिक विद्यार्थियों ने मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

## आरएनटी मेडिकल कॉलेज में मतदान जागरूकता प्रपत्र का विमोचन

पदमावत मीडिया




**उदयपुर**। जिले में जारी मतदाता जागरूकता गतिविधियों में आरएनटी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ विपिन माथुर ने कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ आचार्य डॉ गोपाल बुनकर द्वारा रचित मतदाता जागरूकता प्रपत्रों का विमोचन किया। यह प्रपत्र आरएनटी मेडिकल कॉलेज के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक मंच रवीन्द्र स्पंदन के तत्वावधान में चिकित्सकों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रचारित किए गए हैं। इस अवसर पर प्राचार्य ने समस्त चिकित्सकों तथा कर्मचारियों का आह्वान कर मतदान दिवस के दिन आवश्यक रूप से मतदान करने हेतु प्रेरित किया ।प्रपत्र के विमोचन के कार्यक्रम में अतिरिक्त प्रधानाचार्य डॉ. विजय गुप्ता, कम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ.अंजलि माथुर, रवीन्द्र स्पंदन के संयुक्त सचिव डॉ. आशीष जैन, डॉ. भुवनेश, डॉ. महेंद्र सिंह राठौड़ एवं अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

## लोकसभा आम चुनाव 2024, उदयपुर के 2 हजार 265 मतदान केंद्रों पर 4 हजार 530 स्काउट-गाइड, एनसीसी, एनएसएस वॉलंटियर्स करेंगे मतदाताओं का सहयोग

### मतदान कर राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने वाले मतदाताओं की सैल्यूट करेंगे स्काउट-गाइड, मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने ली वीसी, दिए आवश्यक निर्देश





**उदयपुर**। लोकसभा आम चुनाव 2024 के द्वितीय चरण के तहत उदयपुर संसदीय क्षेत्र में कल 26 अप्रैल को मतदान होना है। मतदान को लेकर के प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण की जा चुकी हैं तथा मतदाताओं को मतदान केंद्र पर पूर्ण सहूलियत प्रदान करने के हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित डीओआईटी कक्ष में वीसी के जरिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने स्काउट- गाइड, एनसीसी, एनएसएस एवं विशेष योग्यजन सेवाओं से जुड़े अधिकारियों से मतदान की तैयारियों की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश प्रदान किये। सीईओ गुप्ता ने कहा कि वॉलिंटियर्स मतदान के दिन वरिष्ठ नागरिकों की सहायता एवं मतदान केंद्रों पर कतार प्रबंधन में सहयोग करेंगे, स्काउट-गाइड एवं एनसीसी के वॉलिंटियर्स अपनी-अपनी गणवेश में मौजूद रहेंगे। सभी अधिकारी मतदान केंद्रों पर छाया- पानी के समुचित प्रबंध सुनिश्चित करेंगे तथा हैप्पी आवर्स में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने हेतु मतदाताओं को प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर सीओ स्काउट सुरेंद्र पांडे ने बताया कि संसदीय क्षेत्र के 2 हजार 265 मतदान केंद्रों पर 4 हजार 530 वॉलिंटियर्स मतदाताओं के सहयोग हेतु उपस्थित रहेंगे, प्रत्येक मतदान केंद्र पर विशेष योग्यजन मतदाता हेतु व्हीलचेयर उपलब्ध रहेंगे, साथ ही इस बार नवाचार करते हुए सभी स्काउट गाइड मतदान कर राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने वाले मतदाताओं को सैल्यूट करेंगे, इस नवाचार की सीईओ ने प्रशंसा भी की। वीसी में जिला परिषद सीईओ कीर्ति राठौड़, एसीईओ अंजुम ताहिर सम्मा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# श्री हनुमान जी जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया



पदमावत मीडिया

**दलौदा/नाहरगढ--** परम्परानुसार इस वर्ष भी दलौदा मे सर्व विदित है कि प्रत्येक वर्ष चैत्र मास शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। इसी चिर परंपरा का निर्वहन करते हुए श्री महाबली संकट मोचन मंदिर रुचि सोया के सामने सितामऊ फाटक दलौदा श्री संकट मोचन महाबली हनुमान सेवा समिति के तत्वाधान में दिनांक 23 अप्रैल 2024 मंगलवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। आचार्य पंडित प्रद्युम्न जी शर्मा के सानिध्य में प्रातः काल से पूजन कर्म के पश्चात श्री हनुमान जी का दुग्ध जलधारा से संपूर्ण अभिषेक किया गया तथा भव्य श्रृंगार कर हवन कर्म कर महाआरती की गई। महा आरती के पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ कर महाप्रसादी का वितरण किया गया। जिसमें आसपास के सभी धर्म प्रेमी ने भाग लिया महाबली संकट मोचन सेवा समिति द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे । समिति सदस्य सेन राकेश परमार ,सतीश विश्वकर्मा, पवनशर्मा, सुमित शर्मा ,दीपक भंडारी ,अजय रातडिया, अजय राठी, दीपक राठी ,राजकुमार सेन, कुणाल शर्मा, कालू भाई लालवानी ,आनंद महेश्वरी ,ओम प्रकाश शर्मा, सुयश गर्ग सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे। समिति की ओर से सेन राकेश परमार ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा यह जानकारी दी ।

# विज्ञान समिति में इन्दिरा अजय मुर्डिया चल विज्ञान प्रयोगशाला का लोकार्पण सम्पन्न

## महाराणा प्रताप जैसा लक्ष्य-समर्थित व्यक्तित्व ही सहयोगियों को भामाशाह बनने के लिये प्रेरित करता है ।- गुलाबचंद कटारिया

पदमावत मीडिया

**उदयपुर** . गुलाब चन्द कटारिया, राज्यपाल-असम, के मुख्य आतिथ्य और माननीय डॉ. अजय मुर्डिया, संस्थापक इन्दिरा आईवीएफ हॉस्पीटल, की अध्यक्षता में इन्दिरा अजय मुर्डिया चल विज्ञान प्रयोगशाला का समारोह पूर्वक लोकार्पण किया गया। प्रारंभ में समिति अध्यक्ष डॉ. के पी. तलेसरा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि जब कटारिया जी नगर विधायक थे तब विधायक निधि से प्रयोगशाला कक्ष के लिए दस लाख का बजट प्रदान कर समिति के विज्ञान प्रकल्पों को नवीन दिशा देने की शुरुआत हुई। इसी क्रम में अब इन्दिरा आईवीएफ के संस्थापक डॉ. अजय मुर्डिया के सहयोग से चल विज्ञान प्रयोगशाला के लिए बस और उपकरण व अन्य संसाधन क्रय कर विज्ञान की प्रायोगिक शिक्षा को सशक्त किया गया है। विज्ञान समिति संस्थापक डॉ. के एल कोठारी ने विज्ञान समिति के विज्ञान प्रकल्पों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। समिति की विज्ञान गतिविधियों के प्रभारी डॉ. महीप भटनागर ने बताया कि आर्यभट्ट विज्ञान चेतना केन्द्र तथा इन्दिरा अजय मुर्डिया मोबाइल साइन्स लैब किस प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में प्रयोगशाला ले जाकर एवं ग्रामीण स्कूलों के विद्यार्थियों को समिति में लाकर विज्ञान शिक्षा का सशक्तिकरण किया जाएगा।मुख्य अतिथि के रूप में महामहिम कटारिया सा. ने कहा कि समिति के 65 वर्षों की सफलता उनके सदस्यों के समर्पण का परिणाम है जिसे हमे लिपिबद्ध करके पुस्तक के रुप मे प्रकाशित करना चाहिये । महाराणा प्रताप जैसा लक्ष्य-समर्थित व्यक्तित्व ही सहयोगियों को भामाशाह बनने के लिये प्रेरित करता है अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. अजय मुर्डिया ने कहा कि उन्हें विज्ञान समिति से जुड़ विद्यार्थियों की सेवा का यह सुअवसर मिला है व आगे भी नये परिकल्पों मे सहयोग करते रहेंगे। इन्दिरा आईवीएफ के अब तक एक लाख 45 हजार परखनली शिशु यह संदेश देते है कि "टोने टोटके नहीं प्रभावी, उन्हें ना होने दो हावी । वैज्ञानिक तकनीकी ही रहेगी सदैव प्रभावी।।" आभार अभिव्यक्त करते हुए डॉ. बी.एल. चावत ने सभी अतिथियों, समारोह में सभी कर्मियों का तथा विज्ञान समिति सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह का संचालन महासचिव वर्द्धमान मेहता द्वारा किया गया। मीडिया प्रभारी प्रोफसर विमल शर्मा ने बताया कि डा रेणू भंडारी इस परियोजना की सह प्रभारी है व प्रकाश तातेड सक्रिय सदस्यों मे है । कर्नल जी ऐस बया, राज लोढ़ा , डा ऐल ऐल धाकड , डा. के ऐल तोतावत, आर के चतुर, पुष्पा कोठारी, मंजुला शर्मा, ऐम पी जैन, सुजान सिंह, शिव रतन तिवारी आदि समारोह मे उपस्थित थे।










# सुसंस्कारित स्वास्थ्य सेवाएं एवं चिकित्सकीय नैतिकता" पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम

## एक चिकित्सक में मानवता के मूल्य जरूरीः-डॉ.मंगल

पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** पेसिफिक मेडिकल विश्वविघालय,पेसिफिक विश्वविधालय,यूनिवर्सिटी एसोसिएशन ऑफ़ इंडियन यूनिवर्सिटीज एवं राजकीय आर्युविज्ञान संस्थान,ग्रेटर के संयुक्त तत्वावधान में "सुसंस्कारित स्वास्थ्य सेवाएं एवं चिकित्सकीय नैतिकता" पर चार दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम में आज पीएमयू के प्रिसिडेन्ट डॉ.एम.एम. मंगल ने सर्जिकल एथिक्स पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होने कहा कि एक सफल चिकित्सक मे व्यवहार उसके चरित्र निर्माण को परिलक्षित करता है,साथ ही मरीज को बिना नुकसान चिकित्सीय सेवाओं का प्रदाता बन उसका स्वागत हॅसते हुए करना चाहिए जिससे स्वतः आधी से ज्यादा बामारी का इलाज हो जाता है। साथ ही जिन बीमारियों का इलाज दवाईयो से सम्भव है वहॉ आवश्यक जॉचें ही करा कर वेवजह ऑपरेशन के लिए बाघ्य न करें। इस दौरान न्यूरोंसाइन्सेस विभाग के प्रोफेसर एवं हेड डॉ.अतुलाभ वाजपेयी ने इस कार्यक्रम में अध्यात्म का न्यूरोलॉजिकल एवं वैज्ञानिक आधार पर जानकारी दी। उन्होने कहा कि जैसा हम अक्सर बात करते हैं कि हमारा बुद्धिमान भागफल (आई.क्यू) को दर्शाता है दूसरा भावनात्मक गुणक (ए.क्यू) को दर्शाता है जो हमारे आपस में परस्पर स्नेह पूर्ण संबंधों का मानक है यह आई.क्यू लेफ्ट ब्रेन को नियंत्रित करने वाला होता है एवं एक्यू मुख्यतः राइट ब्रेन से नियंत्रित होता है जब राइट और लेफ्ट ब्रेन दोनों समन्वय से काम करते हैं तब एसक्यू स्प्रिचुअल इंटेलिजेंट का निर्माण होता है जोकि एक प्रकार की उच्च विद्वता का मानक है इसके निर्माण से हम जीवन में सुख शांति करुणा स्नेह की अनुभूति करते हैं एवं तनाव रहित रह पाते हैं स्प्रिचुअल इंटेलिजेंट के निर्माण में योग ध्यान प्राणायाम की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस दौरान एथिक्स फॉर पैरामेडिकल पर्सनल पर डॉ.हरीश कुमावत एवं एथिक्स इन मेडिकल इन्वेस्टिगेशन पर डॉ.ऋतु भटनागर ने अपना व्याख्यान दिया।ओरिएंटेशन कार्यक्रम के अंतिम दिन 25 अप्रैल को डॉ.पुष्पकांत शाकद्वीपी ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट एंड रोल ऑफ़ इमोशनल इंटेलिजेंस इन मैनेजिंग हेल्थकेयर सर्विसेज़ पर अपना व्याख्यान देंगे तो वही विशिष्ठ व्याख्यान के रूप में मोरवी से पधारे डॉ. जयंती भाई भाडेसिया प्राचीन स्वास्थ्य प्रणाली पर अपना अध्यक्षीय उद्बोधन देगें।



# दीपदान के माध्यम से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

पदमावत मीडिया

**सलूंबर** । जिले में लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत आयोजित की जा रही स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत सतरंगी सप्ताह के अन्तर्गत सलूंबर जिले में स्थित सेरिंग तालाब की पाल और जयसमंद की पाल एवं सेमारी बस स्टैण्ड पर दीपदान,शपथ एवं मतदाता जागरूकता गीत गायन आदि का आयोजन कर लोकतंत्र के इस महापर्व में सबको बढ़-चढ़कर भाग लेने हेतु प्रेरित किया और 100 प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर दीप प्रज्जवलित कर आमजन को आगामी 26 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सहायक निर्वाचन अधिकारी पर्वत सिंह चुंडावत, तहसीलदार डॉ मयूर शर्मा आयुक्त नगर परिषद गणपतलाल खटीक, अतिरिक्त विकास अधिकारी खुमानसिंह,स्वीप प्रकोष्ठ सलूम्बर से इंदरलाल पंचाल, राजेन्द्र कुमार पंड्या, कैलाश चन्द्र पांडे सहित निर्वाचन शाखा के कार्मिक भी उपस्थित रहे। नगर परिषद आयुक्त ललित सिंह राठौड़, नायब तहसीलदार वीरमाराम राणा, बीडीओ भंवरलाल जाखड़, सहायक विकास अधिकारी मासेंगाराम सोलंकी, मनोहरलाल डारा, अवतारसिंह सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।





### मतदाता जागरूकता रैली एवं बीएजी सदस्यों ने मतदाताओं को जागरूक किया

ढाणी सीपुर में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन हुआ। करेली, हीकावाड़ा, लाम्बी डूंगरी, नोली, नईझर में बूथ अवेर्नेस ग्रुप के सदस्यों ने घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर 26 अप्रेल को मतदान ज़रूर करने का आग्रह किया। बस्सी सिंघावत में एलवीटी प्रभारी गेबी लाल बुनकर ने मतदान क्षेत्र में बीएजी सदस्यों के साथ संपर्क किया व ग्रामवासियों से मतदान अवश्य करने का आग्रह किया।

### शादी ब्याह में राजीविका की महिलाओं द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा

सहायक निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार आगामी लोकसभा चूनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए पंचायत समिती सराडा , ग्रा. प. चावंड एव केजड मे राजीविका महीलाओ की बैठक का आयोजन कर मुख्य रूप से विवाह कार्यक्रम में लोगो से संपर्क कर मतदान करने के लिए प्रेरित करने एव पिले चावल रख के मतदाताओं को जागरुक करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान अति.विकास अधिकारी केदार नारायण चौधरी ब्लॉक परियोजना प्रभारी शंकर सामरीया सह प्रभावी मुकेश जोशी आदि उपस्थित रहें।

# व्यापार मण्डल सेक्टर 5-6 द्वारा मतदान की अपील व शपथ ली



पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** शहर के व्यापार मण्डल सेक्टर 5 व 6 द्वारा आज मतदान की अपील की गई। व्यापार मण्डल अध्यक्ष मनोज जैन ने बताया कि बुधवार को व्यापार मण्डल कार्यकारिणी व पदाधिकारियों की मासिक मीटिंग रखी गई जिसमें व्यापार मण्डल की विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए दिनांक 26 अप्रेल को होने वाले मतदान में सभी व्यापारी बंधुओं को अपने परिवार मित्रों सहित अधिक से अधिक मतदान की अपील की गई और सभी ने ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिये जागरूकता हेतु शपथ ली। इस अवसर पर व्यापार मण्डल संरक्षक पुरषोत्तम मेनारिया ने अपने अपने प्रतिष्ठान, दुकान पर आने वाले ग्राहकों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिये सभी व्यापारी बंधुओं से अपील की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष रोहित पटेल, सचिव नरेश सोलंकी, जब्बरसिंह, सुरेश सिसोदिया, संगठन प्रभारी राहुल जैन, राजेन्द्र राठी सहित कई पदाधिकारियो ने शपथ ली।

# लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित

**सलूंबर** । लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर चुनाव की तैयारियों के संबंध में विभिन्न प्रकोष्ठ प्रभारियों एवं सह प्रभारियों के साथ जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में बुधवार को पंचायत समिति सलूंबर के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कलेक्टर ने विभिन्न प्रकोष्ठ प्रभारियों एवं सह प्रभारियों को लोकसभा चुनाव से संबंधित कार्यों के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने समस्त प्रकोष्ठों के तहत किए जा रहे कार्यों तथा तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक वाहन का चालक वाहन को सुरक्षित तरीके से चलाए। साथ ही टेन्ट, लाइट, बैठक, पेयजल, सफाई आदि की व्यापक व्यवस्था के निर्देश संबंधित प्रकोष्ठ प्रभारी को दिए। बैठक में पुलिस विभाग को शांतिपूर्ण मतदान कराने हेतु कानून व्यवस्था की पालना, शांतिपूर्वक मतदान और नगर परिषद आयुक्त व विकास अधिकारी को टेन्ट, लाइट, बैठक, पेयजल, सफाई आदि की व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित करने के के निर्देश दिए। इसके अलावा स्वीप कार्यक्रम, सेक्टर मजिस्ट्रेट, बाल विकास परियोजना विभाग, चिकित्सा विभाग व विद्युत विभाग को जिम्मेदारी दी।

# विद्या भवन स्कूल के विद्यार्थियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

## दिया शतप्रतिशत मतदान का संदेश

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** विद्या भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल देवाली फतेहपुरा स्कूल की ओर से बुधवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य पुष्पराज सिंह राणावत के नेतृत्व में लोकतंत्र के महापर्व को लेकर मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य पुष्पराज सिंह राणावत ने बताया कि मतदाता जागरूकता रैली की शुरुआत विद्या भवन मुख्य द्वार से होकर देवाली गांव ,नीमच माता क्षेत्र, मुख्य देवाली, नीमच खेड़ा, अरोड़ा कॉलोनी, खारोल कॉलोनी, हनुमान कॉलोनी, सेवा मंदिर और आसपास के क्षेत्र से गुजरते हुए सेवा मंदिर विद्या भवन सोसायटी के सामने नर्सरी गेट पर संपन्न हुई। इस रैली में विद्यालय के 500 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लेकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। रैली के दौरान विद्यार्थी चित्रकला विभाग द्वारा तैयार किये गए 200 से अधिक पोस्टर्स का साथ नारे लगाते हुए चल रहे थे और मतदाताओं को मतदान के जागरूक के लिए जागरूक कर रहे थे। इन पोस्टर्स पर शतप्रतिशत मतदान करने की अपील की गई थी। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक विवेक जांगिड़, कृष्णकांत यादव, प्रज्ञा माली,नारायण लाल आमेटा, प्रमोद कंसारा, रिजवान मोहन जोशी, निर्मल तेली, नीलोफर शेख, नीलोफर मुनीर, निदा असलम आदि अध्यापक अध्यापिका उपस्थित थे।



# चैत्र सुद पूर्णिमा के अवसर पर ग्रूप के सदस्यों ने की प्रभु भक्ति

पदमावत मीडिया

**भीनमाल / बैगलूरू** । राजेन्द्र पूनम ग्रुप के 60 सदस्यों ने चैत्र सुदी पूर्णिमा के अवसर पर आदाणी तीर्थ यात्रा का लाभ लिया ।ग्रुप के सदस्य दलीचन्द लुणीया मुथा ने बताया कि बैगलूरू से भक्त गण पेद् दतुम्बलम् तीर्थ यात्रा पर गये । वहां पर तीर्थंकर पार्श्वमणि पार्श्वनाथ की दिन भर सेवा पूजा की । इस यात्रा के आयोजन का लाभ भी सामुहिक रूप से लिया जाता है । वहां सभी लोगों ने प्रभु भक्ति का आनंद उठाया । इस दौरान नये नये भक्तों का जुडाव हो रहा है । जिसमें युवा, जवान, महिला, बच्चे एवं वरिष्ठ नागरिक भी सम्मिलित रहे । मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर रमेश बालर, गणेश, हीराचनद, कुमार पाल, भैरव, मित, बाबुलाल, रविन्द्र, भंवरलाल, दिनेश, जुगराज भंडारी, रमेश सोलकी, हितेष, जितेन्द्र, संदीप, अनील, ललित, रमेश दांतेवाडीया, विमल, मनोहरमल, चंपालाल श्रीश्रीमाल, मनीष, रमेश सोलंकी, जयंतीलाल, संगीता वेद मुथा, मधुदेवी, मंजुदेवी, कंचनदेवी, अलकादेवी, दाईंदेवी, प्रकाशदेवी, अलीषा, मीना, शिल्पादेवी, प्रियंका,



# राजस्व वसूली और ई-फाइलिंग सिस्टम के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल-डीएमजी कलाल

**उदयपुर** । निदेशक खान एवं भूविज्ञान श्री भगवती प्रसाद कलाल ने कहा है कि विभाग की सभी पत्रावलियां अब ई-फाइलिंग सिस्टम से ही संचालित होगी। उन्होंने अधिकारियों से विभागीय राजस्व में होने वाली छीजत को रोकते हुए राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

निदेशक माइंस श्री भगवती लाल कलाल बुधवार को विभागीय अधिकारियों से वर्चुअली संवाद कायम करते हुए ई-फाइलिंग व्यवस्था की समीक्षा की और निर्देश दिए कि भविष्य में किसी भी कार्यालय की पत्रावलियां ऑफ लाईन संचालित नहीं होनी चाहिए। ई-फाईल मोड पर भी पत्रावलियों के निस्तारण कार्य में तेजी लाने की आवश्यकता प्रतिपादित की। विभाग द्वारा ई फाइलिंग सिस्टम पर अधिकारियों व कार्मिकों को ऑनलाईन ट्रेनिंग दी गई है और उसके बाद भी किसी तरह की जानकारी आवश्यक समझी जायें तो मुख्यालय स्तर पर संपर्क कर समाधान किया जा सकता है।

श्री कलाल ने कहा कि विभाग की पुरानी बकाया राशि की 50 प्रतिशत और चालू बकाया की शतप्रतिशत वसूली की जानी हैं वहीं न्यायालय में वसूली से संबंधित विचाराधीन प्रकरणों में प्रभावी तरीके से विभाग का पक्ष रखते हुए निस्तारण के प्रयास किये जायें। उन्होंने एक करोड़ से अधिक के अवैध खनन, परिवहन और निर्गमन के 29 प्रकरणों में बकाया 128 करोड़ की राषि की वसूली की एसएमई स्तर पर मोनेटरिंग करने को कहा। उन्होंने कहा कि राजकीय राजस्व की वसूली में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।निदेशक श्री भगवती प्रसाद कलाल ने ई फाइलिंग के कार्य में विभागीय कार्यालयों में अच्छा कार्य कर रहे दस कार्यालयों मुख्यालय उदयपुर, एमई जयपुर, आमेट, भीलवाड़ा, एमई रिट जोधपुर, एसएमइ्र जयपुर, अतिरिक्त निदेशक माइंस जयपुर, एमई अजमेर, बीकानेर और एसएमई अजमेर कार्यालय की सराहना की वहीं कम प्रगति वाले कार्यालयों को व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध खनन गतिविधियों पर नजर रखने के साथ ही सख्ती से कार्यवाही करने को कहा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय -गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित मो. 9594542679, e-mail padmavatmedia@gmail.com, web.padmavatmedia.in, नोट : (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा। उक्त ई- पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।